तापमान

अधिकतम 41.0 डिग्री

न्यूनतम 25.0 डिग्री

हरिभूमि

# कांकेर भूमि

रायपुर, सोमवार, 21 अप्रैल 2025

14 छत्तीसगढ़ मछुआ कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष...



14 प्रयास आवासीय विद्यालय प्रवेश परीक्षा ...





## खबर संक्षेप

### हिंरगे में मोबाइल टावर की रेंज बढ़ाने की मांग



**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड के अंतिम छोर ग्राम पंचायत पैरेकाडो के आश्रित ग्राम हिंरगे में मोबाइल टावर का रेंज नहीं मिलने से ग्रामीण परेशान हो रहे है। हिंरगे निवासी वासुदेव नेताम, तलेश नेताम, रामदास नेताम, किशोर नेताम, सागर नेताम, चंद्रशेखर नेताम, दिनेश नरेटी, शेरसिंग नेताम, धनराज नेताम, राधेश्याम, जीवन नरेटी और मदन ने बताया है कि हिंरगे से 2 किमी की दूरी पर जियो टावर स्थापित है। फिर भी रेंज यहां नहीं मिल रहा है, जिसे काफी परेशानी हो रही हैं। हमारी मांग है कि टावर के रेंज को बढ़ाया जाए।

### विधायक ने रेल प्रबंधन से व्यवस्था सुधारने की मांग की



**दुर्गुकोंदल।** भानुप्रतापपुर विधायक सावित्री मंडावी ने मंडल रेल प्रबंधक रायपुर दयानंद को भानुप्रतापपुर प्रवास के दौरान अपने प्रतिनिधि के द्वारा एक पत्र सौंपा। इस पत्र में भानुप्रतापपुर नगर से रेलवे स्टेशन जाने के लिए पहुंच मार्ग बनवाने एवं दल्लीराजहरा से ताड़ोकी तक सुबह जाने वाली गाड़ी को यात्री ट्रेन के रूप में चलाए जाने की मांग किया है।

### शराब पीने की सुविधा देने वाला युवक पकड़ा गया



**कांकेर।** भानुप्रतापपुर पुलिस ने 19 अप्रैल को दोपहर डेढ़ बजे ग्राम पेड़ावारी रोड़पारा आरोपी के घर सामने दबिश दी।आरोपी पेड़ावारी निवासी 40 वर्षीय फरीद नेताम पिता मंगूराम नेताम को पकड़ा। शराब पीने वाले पुलिस को आता देख भागने में कामयाब हुए। तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से कब्जे से एक सफेद रंग की 1 लीटर क्षमता वाली प्लास्टिक पानी बॉटल में देशी महुआ शराब लगभग 85 एमएल कीमती करीबन 50 रूपएं एवं 2 नग प्लास्टिक डिस्पोजल गिलास को जब्त किया गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 36 (सी) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### युवक ने खाया जहर इलाज के दौरान मौत

**कांकेर।** भानुप्रतापपुर थानांतर्गत दाबकट्टा निवासी 40 वर्षीय मुकुन्द पटेल ने जहर खा लिया था। ईलाज के लिए सीएचसी भानुप्रतापपुर में भर्ती किया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी 19 अप्रैल को मौत हो गया। अस्पताल से अस्पताली मेमो पेश करने पर मर्ग कायम किया गया।

**मौसम का असर:** तापमान बढ़ने से मरीजों की बढ़ने लगी है संख्या, वायरल का बढ़ा प्रकोप

# तीन दिनों से तापमान 40 डिग्री पार, पांच दिनों में हीटवेव की बन सकती है स्थिति

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर

- इतने अधिक तापमान में बच्चे स्कूल आने-जाने को मजबूर

गर्मी का तांडव हर गुजरते दिन के साथ बढ़ता ही चला जा रहा है। अंचल में आने वाले पांच दिनों में अधिकतम तापमान 41 डिग्री से अधिक रहेगा। इतना ही नहीं दिन के अलावा अब रातें भी गर्म होने लगेंगी। न्यूनतम तापमान भी सामान्य से 2 डिग्री अधिक यानि 26 डिग्री पर पहुंच चुका है। ज्ञात हो कि 40 डिग्री से अधिक तापमान होने पर हीटवेव के हालात निर्मित होते है। हीटवेव का सीधा असर लोगों की सेहत पर देखने को मिल रहा है। रविवार को तापमान बढ़ते देख लोग दिन में नजर नहीं आएं और दिन में सड़के सूनी रही।

तापमान बढ़ने के साथ-साथ आलम यह है कि जिले में वायरल के मरीजों की संख्या भी तेजी से बढ़ने लगी है। अस्पताल पहुंचने वाला हर पांचवा मरीज वायरल के संक्रमण से ग्रसित है। चिकित्सकों का कहना है कि अभी हीटवेव के गंभीर मामले सामने नहीं आ रहे है, लेकिन आगे गर्मी और बढ़ने पर लोगों को गंभीर शिकायतें हो सकती है। ऐसे में सावधानी बरतना अभी से जरूरी हो गया है। इधर बच्चे 40 डिग्री तापमान में स्कूल आना-जाना कर रहे हैं। ऐसे में बढ़ती गर्मी को देखते हुए अब स्कूलों में छुट्टी की मांग बढ़ने लगी है। ज्ञात हो कि सामान्य तौर पर जब तापमान सामान्य से 4.5 डिग्री से 6.4 डिग्री अधिक हो जाता है, तो हीटवेव की घोषणा की जाती है। यदि तापमान ▸▸| शेष पेज 12 पर




### वायरल के ठीक होने में लग रहे 5 से 7 दिन समय

बिना काम घर से ना निकले, पानी पर्याप्त पीएं
तेज बुखार, सर्दी और पेट खराब होने की समस्या
अस्पताल में बढ़ी मरीजों की संख्या

### वेस्टर्न डिस्टर्बेंस से बढ़ रहा है तापमान

वेस्टर्न डिस्टर्बेंस का प्रभाव खत्म होने के साथ गर्मी फिर से तेज होने लगी है। शनिवार एवं रविवार को कांकेर एवं आसपास के शहरों का अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के पार चला गया। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश के आधे से ज्यादा शहर हीटवेव की चपेट में आ गए हैं। आने वाले दिनों में कुछ शहरों में पारा 46 डिग्री सेल्सियस या उससे ऊपर जा सकता है, जिसमें कांकेर जिला भी शामिल है।

### बच्चे, बुजुर्ग व बीमारों पर अधिक असर

तेज गर्मी की वजह से डिहाईड्रेशन यानि शरीर में पानी की कमी होने लगती है, जिसका खतरा बच्चों, बुजुर्गों और शुगर पेशेंट्स को ज्यादा होता है। डायबिटिक्स को तो बार-बार यूरिन के चलते डिहाईड्रेट होने का डर रहता है। यूरिन प्रॉब्लम का जिक्र हुआ है तो बता दें कि इस मौसम में कम पानी पीने वालों को यूरिन इंफेक्शन का खतरा ज्यादा होता है। पानी कम पीने से बैक्टीरिया बॉडी से बाहर नहीं निकल पाते और इंफेक्शन की वजह बनते हैं

### मेडिकल स्टोर्स से सीधे खरीद रहे दवा

मेडिकल स्टोर्स में इन दिनों सर्दी, खांसी, बुखार जैसी समस्याओं की दवाओं की बिक्री में काफी इजाफा देखने को मिला है। लोग बिना डॉक्टर से परामर्श लिए सीधे मेडिकल स्टोर्स से दवा ले रहे हैं। बीमार होने वाले लोगों में बच्चे, बुजुर्ग के साथ ही शुगर-बीपी जैसी बीमारियों से ग्रसित लोग शामिल हैं।

# एक महीने के आंदोलन से पिघली सरकार, दिया आश्वासन काम पर लौटेंगे सचिव



हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर

- सरकार ने सकारात्मक निर्णय लेने दिया आश्वासन
- वेतन सत्यापन विसंगति का भी सुधार किया जाएगा

अनिश्चितकालीन हड़ताल पर पिछले 17 मार्च से डटे ग्राम पंचायत के सचिव अब सोमवार से काम पर लौटेगें। विगत सप्ताहभर से राज्य शासन और सचिव संघ से चर्चा जारी थी। शुक्रवार को सचिवों का प्रदेश संगठन ने राज्य शासन से मुलाकात किया, जिस पर उनकी मांगों को पूरा करने का आश्वासन मिला है। इसके लिए कमेटी गठित की गई है और कमेटी के जांच के आधार पर सरकार निर्णय लेगी। जिले के पंचायत सचिव 17 मार्च से शासकीयकरण की अपनी एक सूत्रीय मांग को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल कर रहे थे। प्रदेश सरकार से आश्वासन मिलने के बाद अपनी हड़ताल शुक्रवार को समाप्त कर दिया है। प्रदेश सरकार से घोषणा पत्र में किए गए वादे को पूरा करने के लिए पंचायत सचिवों द्वारा अनिश्चितकालीन हड़ताल पर डटे थे। विभाग ने सचिवों पर कार्रवाई करने का डर भी दिखाया, परंतु सचिव बिना डरे हड़ताल पर डटे रहे। पंचायत सचिवों का प्रतिनिधि मंडल पंचायत मंत्री विजय शर्मा से अपनी मांग को लेकर सकारात्मक चर्चा किया, जिसमें पंचायत सचिवों की मांगों पर सहमति बनी और प्रदेशभर में पंचायत सचिवों ने अपने अनिश्चितकालीन हड़ताल को समाप्त ▸▸| शेष पेज 12 पर

# आदिवासी ध्रुव गोंड़ समाज ने 37 वां वार्षिक अधिवेशन धूमधाम से मनाया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सरोना

- विधायक भी हुए शामिल

प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले आदिवासी ध्रुव गोड़ समाज के 37 वें वार्षिक अधिवेशन धूमधाम के साथ आयोजित किया गया। शीतला मंदिर से बुड़ादेव मंदिर तक बाजे गाजे के साथ कलश यात्रा निकाली गई। टांहकापार कार्यालय द्वारा आयोजित कार्यक्रम मुड़ा क्षेत्र के बागडोंगरी के अंतर्गत नरहरपुर नगर में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पूजा अर्चना के साथ किया गया एवं शीतला मंदिर से बुड़ादेव मंदिर तक बाजे गाजे के साथ कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा का जगह-जगह ग्रामीणों ने स्वागत किया। समाज के सदस्यों ने श्रद्धाभाव से भाग लिया। मुख्य अतिथि विधायक आशाराम नेताम ने आदिवासी समाज के विकास और उनकी समस्याओं के समाधान पर जोर दिया। अध्यक्षता करते हुए राजेन्द्र ध्रुव ने समाज के विकास में एकजुटता और समर्पण की आवश्यकता को व्यक्त किया। इस वार्षिक अधिवेशन ने आदिवासी ध्रुव गोड़ समाज के सदस्यों में एकता और सहयोग की भावना को और भी मजबूत किया। सभी उपस्थित सदस्यों ने मिलकर इस अवसर पर समाज के विकास और भविष्य की योजनाओं पर चर्चा किया। आदिवासी ध्रुव गोड़ समाज के 37 वें वार्षिक अधिवेशन में समाज के वरिष्ठ सदस्यों और युवाओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया।



### इन रखे अपने विचार

सभा को जनपद अध्यक्ष सोमन कवाड़े, उपाध्यक्ष संजू गोपाल साहू, नगर पंचायत अध्यक्ष प्यारी सलाम, नगर पंचायत उपाध्यक्ष दिनेश पटेल, जनपद सदस्य भोपेश नेताम, पूर्व जिला पंचायत सदस्य संजय जुरी ने भी संबोधित किया एवं समाज के उत्थान के लिए अपने विचार रखे।

### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष संतोष भास्कर, टिकेशवर सिंन्हा, पार्षद मुकेश संचेती, बीरेंद्र जैन, विकास जैन, रंजीत उईके, भागवत शोरी, अनीता यादव, सुशीला ध्रुव, गीता बेसरा, गोदावरी विश्वकर्मा, डिकेश मरकाम, नरसों कल्लो, तुलेशवरी कोड़ोपी, शिवचरण मंडावी उपस्थित रहे।

## कोरर व कोकानपुर पहुंचा अखंड ज्योति कलश

**कोरर।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वाधान में संचालित अखंड ज्योति कलश का आगमन कोकानपुर और कोरर की पावनधरा में हुआ। क्षेत्र के गायत्री परिवार जुड़े धर्मप्रेमी लोगों ने ज्योति कलश का दर्शन व पूजन किया। ज्योति कलश के साथ चल रहे गायत्री परिवार से जुड़े लोगो ने बताया कि ज्योति कलश का भ्रमण कराने का उद्देश्य समस्त मानव का जीवन उल्लासित हो, प्रकाशित हो, राष्ट्रीय एकता तथा सामाजिक समरसता हो। कोकानपुर और कोरर में श्रद्धालुओ ने ज्योति कलश का बहुत ही भक्ति भाव व श्रद्धाभाव से पूजा पाठ किया। इसके पश्चात यह ज्योति कलश आगे की ओर प्रस्थान करते हुए सभी लोगों ने मिलकर चारामा विकास खंड के ग्राम किशनपुरी तक सम्मानपूर्वक ज्योति रथ को आगे संचालन के लिए वहां के धर्म प्रेमियों को सौंपा। इस पुण्य अवसर पर रामेश्वर जैन, कोकानपुर उपसरपंच योगिता राजपूत, पंच उर्मिला केमरो, बीएल यद्व, बासन सलाम, मालती कुंजाम, सुरेन्द्र कश्यप, शांति पटेल, लता टेकाम, केशर, दीप सिन्हा, देवेंद्र जैन, सोमन कांगे, देवचरण नरेटी आदि लोग उपस्थित रहे।



श्रद्धालुओं ने किया पूजन व दर्शन

## कोंडे का 2 दिवसीय वार्षिक मेला आज से प्रारंभ

*दुर्गुकोंदल। ग्राम कोंडे का दो दिवसीय वार्षिक मेला 21 और 22 अप्रैल को आयोजित किया जाएगा। मेला की तैयारी के लिए गायता गांडोराम पुड़ो, पटेल नरेश पुड़ो, मनीराम पुड़ो, बुधरु राम पुड़ो, रुकधर पुड़ो राजेश पुड़ो, दीपक पुड़ो, मन्नूराम पुड़ो, सरपंच ग्राम पंचायत कोंडे प्रेमसिंह पुड़ो, उपसरपंच ग्राम पंचायत कोंडे शंकर लाल जैन, वार्डपंच, कमलेश्वर साहू, मनाय बाई पुड़ो, कुंती पुड़ो, सोनाय पुड़ो, सविता कुंजाम उर्मिला नरेटी, दयाबाई, देवन्तिन नरेटी श्यामलाल ध्रुव, रायसिंह दुग्गा तैयारी में जुटे हुए हैं।*

**डीएफओ आलोक ने मुनारा सत्यापन का लिया जायजा**

# मुनारा सत्यापन के लिए वन अमला गर्मी में जंगलों की छान रहा खाक

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर

- अच्छा, कच्चा, मरम्मत, योग्य मौके पर नहीं पाए गए की बन रही रिपोर्ट

वन मंडल कांकेर के 5 परिक्षेत्र का वन अमला 41 डिग्री के तापमान में मुनारा सत्यापन के लिए जंगलो में भ्रमण कर रहा है, यहाँ तक वनमंडलाधिकारी भी जंगलों में पहुँचकर वन अमले के द्वारा किए जा रहे सत्यापन की जाँच कर रहे है। 41 डिग्री के चिलचिलाती धूप में वन विभाग के अधिकारी और कर्मचारियों के द्वारा जंगलो में पहुँचकर मुनारा सत्यापन में लगे हुए है, यही बड़ी बात है।

वन सीमा सुरक्षा सप्ताह का शुभारंभ 18 अप्रैल से प्रारंभ हुआ है और 24 अप्रैल तक रहेगा। इस दौरान वन सीमाओं के सत्यापन का कार्य किया जा रहा है। उपवनमंडलाधिकारी एवं परिक्षेत्र अधिकारी भी अपने कार्य क्षेत्र में कम से कम 20 से 25 किमी सीमा रेखा के लंबाई का सत्यापन करने में डटे हुए है। सीमा सत्यापन के लिए परिसर रक्षक को परिसर के अंतर्गत आने वाले कक्षों में तथा सहायक परिक्षेत्र अधिकारी को उप परिक्षेत्र के अंतर्गत आने वाले समस्त बीटों के सत्यापन करने में डटे हुए है। यह टीम टोपोशीट ▸▸| शेष पेज 12 पर




### एसडीओ व रेंजर को दिए निर्देश

वन मंडलाधिकारी आलोक कुमार बाजपेयी ने बताया कि उच्च अधिकारियों के निर्देश पर कांकेर वनमंडल में वन सीमा सुरक्षा सप्ताह मनाया जा रहा है, यह सप्ताह 24 अप्रैल तक चलेगा। इसके लिए एसडीओ एवं परिक्षेत्र अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि समय सीमा में मुनारे का सत्यापन करते हुए पत्रक के अनुसार रिपोर्ट बनवाकर प्रस्तुत करें।



## खबर संक्षेप

### बारिश होने के बाद टमाटर 13 रुपए किलो में बिका



**जगदलपुर।** रविवार की शाम को बारिश होने के चलते साप्ताहिक बाजार में शहरीय के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्र के सब्जी खरीददार कम दिखे। हालांकि इस रविवार को शहरीय एवं ग्रामीण क्षेत्र के सब्जी खरीददार पहुंचे थे। बाजार में टमाटर 13, करेला 50, फूलगोभी 40, भिंडी 50, आलू 30, प्याज 30, अदरक 180, लहसून 250, लालभाजी, पालकभाजी, मैथी 20 रूपए में 12 जूड़ी बिक रहा है।

### मौसम ने ली करवट, आंधी चली ओले के साथ हुई बारिश

**गीदम।** नगर में दोपहर के बाद अचानक मौसम में बदलाव हुआ। रविवार दोपहर को तेज धूप के बाद अचानक मौसम ने करवट ली और आसमान में काले बादल छा गए। देखते ही देखते शाम को तेज आंधी के साथ ओले की बारिश शुरू हो गई। जिससे मौसम सुहावना हो गया और लोगों को गर्मी व उमस से कुछ राहत मिली। कुछ जगहों पर बिजली के पोल टूटने, पेड़ गिरने से बिजली गुल है। बारिश के कारण लोगों को अव्यवस्थाओं का सामना करना पड़ा। राष्ट्रीय राजमार्ग 63 में गीदम सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के पास मुख्य मार्ग में पेड़ गिरने के कारण कुछ देर मार्ग अवरुद्ध रहा। जिससे मार्ग के दोनों तरफ गाड़ियों की कतारे लग गई। पेड़ को मुख्य मार्ग से नगर पंचायत की टीम द्वारा हटवा कर मार्ग को चालू करवाया गया।

### प्रखर वक्ता पुष्पेन्द्र कुलश्रेष्ठ का व्याख्यान कोंडागांव में 23 को

**जगदलपुर।** श्रीराम मानस मंडल कोंडागांव के तत्वावधान में राष्ट्रवाद और सनातन संस्कृति का महासंगम विषय पर 23 अप्रैल को शाम 6:30 बजे छात्रवास मैदान कोंडागांव में कार्यक्रम होगा। जहां प्रख्यात राष्ट्रवादी विचारक, ओजस्वी वक्ता एवं सनातन धर्म के प्रबल समर्थक पुष्पेन्द्र कुलश्रेष्ठ व्याख्यान देंगे।

# सत्संग में 121 लोगों ने लिया देहदान का संकल्प, भरे फार्म

## रक्तदान में दिया 70 यूनिट ब्लड, चार जोड़ों का दहेज मुक्त हुआ विवाह

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर।

शहर के सिटी ग्राउंड में रविवार को बस्तर संभागीय स्तरीय संत रामपाल महाराज के अनुयायियों द्वारा एक दिवसीय विशाल सत्संग हुआ। इसमें सामाजिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन में समाजहित में कई अद्वितीय पहल की गईं, जिनमें प्रमुख रूप से चार जोड़ों का दहेज मुक्त विवाह, लगभग 70 से अधिक यूनिट रक्तदान तथा 121 से अधिक देहदान जैसे संकल्पों की शपथ शामिल रही। कार्यक्रम पूर्णतः निशुल्क और महाराज की शास्त्र आधारित शिक्षाओं के अनुसार आयोजित किए गए।





**ये हुए शामिल**

इसमें प्रमुख अतिथियों में महापौर संजय पांडे, नगर निगम के अध्यक्ष खेमसिंग देवांगन, नगर स्वच्छता विभाग सभापति लक्ष्मण झा, भाजपा के नगर मंत्री शशिनाथ पाठक, पूर्व विधायक राजाराम तोड़ेम आदि शामिल रहे।

सत्संग में राज्य सेवादार दुष्यंत दास और पंकज दास शामिल थे। साथ ही संभागीय सेवादार गनपत सेठिया और जिला सेवादारों के मार्गदर्शन में कार्यक्रम की व्यवस्थाएं सुचारु रूप से संचालित हुईं। कार्यक्रम से प्रेरित होकर कई लोगों ने नाम दीक्षा भी ग्रहण की और आध्यात्मिक मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। यह आयोजन केवल एक धार्मिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि समाज में दहेज प्रथा, नशा, अंधविश्वास एवं व्यर्थ खर्चों के खिलाफ जागरूकता का संगठित प्रयास भी रहा। ऐसे आयोजनों से यह संदेश मिलता है कि जब आध्यात्मिक ज्ञान और सामाजिक सुधार साथ चलें, तो समाज में सकारात्मक परिवर्तन अवश्य आता है।

## दुस्साहस : डॉ भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा के समक्ष हाथ जोड़कर मांगी माफी

# सोशल मिडिया में की संविधान निर्माता पर अभद्र टिप्पणी, क्षमा मांगने पर मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

यूपी के नगीना सांसद व एडवोकेट चंद्रशेखर आजाद व संविधान निर्माता बाबा भीमराव अंबेडकर के बारे में सोशल मिडिया में अभद्र एवं आपत्तिजनक पोस्ट करने वाले को कोतवाली पुलिस ने हिरासत में लेकर थाना लाया गया। युवक को संविधान का पाठ पढ़ाया गया, जिसके बाद उसने अपनी गलती स्वीकार करते हुए सभी समाज प्रमुखों को हाथ जोड़कर अपनी मजबूरी बताते हुए माफी भी मांगी। इसके बाद बाबा भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा के सामने हाथ जोड़कर गलती के लिए क्षमा मांगी।

- भीम आर्मी की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने लिया था हिरासत में

गौरतलब है कि शहर में अटल आवास निवासी विनोद चतुर्वेदी ने फेसबुक आईडी में नगीना सांसद एडवोकेट चंद्र शेखर आजाद एवं बाबा भीमराव अंबेडकर के बारे में अभद्र एवं आपत्तिजनक पोस्ट किया था। इसकी शिकायत भीम आर्मी व सर्व अनुसूचित जाति समाज द्वारा कोतवाली थाना में की गई थी। भीम आर्मी के संभागीय अध्यक्ष सोयल नाग व सर्व अनुसूचित जाति समाज ने उनकी माफी स्वीकार करते हुए बताया कि विनोद चतुर्वेदी 57 वर्ष का है और आज उसके घर में बीवी बच्चे सभी उसे छोड़ चुके है और वो अब दोबारा ऐसा गलती नहीं करेगा। उसने सभी समाज के लोगों के सामने माफी मांगकर अपनी गलती स्वीकार किया है और आज के बाद दोबारा ऐसा घटिया हरकत नहीं करूंगा करके अपने माता-पिता एवं बच्चों की कसम खाई है। इसलिए हमने एक बार उसे माफ किया है, आगामी में ऐसा कुछ हरकत करेगा तो उसे कानूनी कार्यवाही करने में कोई माफी नहीं मिलेगा।



सर्व अनुसूचित जाति समाज वर्ग के जिलाध्यक्ष विक्रम लहरे ने कहा कि विनोद चतुर्वेदी ने नगीना सांसद व एडवोकेट चंद्रशेखर आजाद जो कि एक मात्र स्वतंत्र दलित समुदाय से सांसद है, उनके छवि को धूमिल करना एवं संविधान निमार्ता डॉ भीमराव अंबेडकर के नाम को अभद्र एवं आपत्तिजनक टिप्पणी पोस्ट करना शर्मसार करने जैसा कृत्य किया है। जिसको हम कड़ी से कड़ी कार्यवाही करवाने वाले थे, मगर विनोद चतुर्वेदी ने अपनी गलती स्वीकार किया।

### *भीम आर्मी सभी धर्मों का सम्मान करता है*

*भीम आर्मी के जिलाध्यक्ष मनोहर दास मानिकपुरी ने बताया कि भीम आर्मी बस्तर में समानता चाहता है। सभी धर्मों का सम्मान करते हैं, भारतीय संविधान सबके लिए है। हम उसका सम्मान करते हैं, अगर कोई हमारी आस्था को ठेस पहुंचाएगा, हम उसे संविधानिक ऐसे ही न्याय करेंगे। इस दौरान परिसंघ के जिलाध्यक्ष सतीश वानखड़े, भीम आर्मी के संभागीय उपाध्यक्ष जॉन नाग व अन्य ने भी अपने विचार रखा।*

# परशुराम जयंती पर ब्राम्हण समाज भव्य आयोजन करेगा



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

30 अप्रैल को भगवान परशुराम जयंती उत्सव भव्यत से मनाने सर्व ब्राम्हण समाज की आवश्यक बैठक रविवार को हाता मैदान के करीब सरयूपाणी समाज भवन में आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न समाजों के प्रमुख मौजूद थे। बैठक में भगवान परशुराम जयंती मनाने सर्व ब्राम्हण समाज प्रमुखों को जिम्मेदारी देने व उत्सव भव्यता से मनाने विचार विमर्श करते हुए तैयारी शुरू कर दी गई।

- सरयूपाणी समाज भवन में बैठक में विभिन्न समाज के लोग हुए शामिल
- दंतेश्वरी मंदिर परिसर से निकलगी शोभायात्रा, मुख्य मार्गों में विभिन्न समाजों की होगी सहभागिता

इस बैठक में भगवान परशुराम जयंती उत्सव को भव्य रूप से मनाने के संबंध में सभी ब्राम्हण समाज के उपस्थित पदाधिकारियों ने अपनी अपनी बात रखा। बैठक में भगवान परशुराम जयंती उत्सव पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम की रूपरेखा की विस्तार से चर्चा हुई। रैली, वेशभूषा, मंच आयोजन, पूजा अर्चना व अन्य व्यवस्थाओं को लेकर विचार-विमर्श किया गया। दंतेश्वरी मंदिर से भव्य शोभायात्रा निकालकर शहर के मुख्य मार्गों से निकालने व सर्व ब्राम्हण समाज प्रमुखों को जिम्मेदारी देने पर चर्चा की गई। बैठक में सर्व ब्राह्मण समाज के रंजीत पाण्डेय, बालकृष्ण शर्मा, अमन शर्मा, कौशिक शुक्ला, संजीव शर्मा, राजेश दास, सुमित महापात्र, विघ्नराज मिश्रा, रोशन झा, ललिन शुक्ला, अजय तिवारी, अजय पाठक, पंकज मिश्रा, नीलकंठ पांडेय, योगेश शुक्ला, कमलेश पाठक, अनिरुद्ध मिश्रा व अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# बस्तर के विकास की नई ईबारत लिखने कृषि कौशल विकास, पर्यटन और उद्योग पर मंथन




हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

बस्तर संभाग के सातों जिलो के लोग अब नक्सलियों के असली चेहरे को जानने के बाद उनसे दूर होते जा रहे है, वहीं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय बस्तर के युवाओं को कृषि, कौशल विकास, पर्यटन और उद्योग के क्षेत्र में आगे लाकर बस्तर की दिशा बदलने को लेकर जगदलपुर में दो घंटे तक इन विधाओं से जुड़े लोगों के साथ मंथन किया। मंथन के बाद बस्तर के इस विधा से जुड़े लोगों का कहना है कि छत्तीसगढ़ बनने के बाद पहली बार इस तरह का मंथन हुआ, ऐसा पहले कभी नहीं हुआ। यह मंथन बस्तर की तस्वीर और तकदीर को बदलने में मील का पत्थर साबित होगा।

कृषि, कौशल विकास, पर्यटन और उद्योग से जुड़े सचिव स्तर के अधिकारियों ने योजनाओं का प्रजेंटेशन दिया, इसके उपरांत सातों जिले से पहुँचे लोगों ने अपने सुझाव दिए और बेहतर क्या हो सकता है, उस पर विचार रखें। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने चारों विधा के संगोष्ठी में बस्तर संभाग के सातों जिले से पहुँचे अनुभवी लोगों को सुना। उसके उपरांत उन्होने कहा कि बस्तर ने दशकों तक नक्सलवाद का दंश झेला है, लेकिन अब यह क्षेत्र अपनी समृद्ध जनजातीय संस्कृति, नैसर्गिक सुन्दरता, कृषि विकास, कौशल उन्नयन, उद्योग और खनिज संसाधनों के साथ विकास की नई राह पर अग्रसर है। उन्होंने जोर देकर कहा कि "विकसित छत्तीसगढ़ @2047" का संकल्प नवा अंजोर विजन के माध्यम से साकार होगा और इसकी शुरुआत बस्तर से हो रही है। बस्तर के किसान, महिला समूह, युवा उद्यमी और आदिवासी समुदाय छत्तीसगढ़ की प्रगति की नई इबारत लिखने को तैयार हैं।

**स्वदेशी और जैविक उत्पाद से होगी बस्तर की पहचान-** परिचर्चा के पहले सत्र में बस्तर के किसानों की आय को दोगुना करने के लिए कृषि, उद्यानिकी, मछली पालन, पशुपालन, और जैविक खेती पर विस्तार चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने कहा कि बस्तर के स्वदेशी और जैविक उत्पादों को देश-विदेश के बाजारों तक पहुंचाने के लिए प्रोसेसिंग, ब्रांडिंग, और मार्केटिंग को बढ़ावा दिया जाएगा। इसके लिए स्थानीय स्तर पर प्रोसेसिंग इकाइयों की स्थापना और उत्पादों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। उन्होंने कहा बस्तर के उत्पाद न केवल छत्तीसगढ़ की पहचान बनेंगे, बल्कि वैश्विक स्तर पर भी अपनी जगह बनाएंगे।

**युवाओं को जोड़कर उद्योगों का किया जाएगा विस्तार-** परिचर्चा के दूसरे सत्र में अफसरों ने नई औद्योगिक नीति 2024-30 के बारे में बताया कि इस्पात उद्योग के लिए 15 वर्षों तक रॉयल्टी प्रतिपूर्ति का प्रबंध है। आत्मसमर्पित नक्सलियों को उद्योगों से जोड़ने की योजना बनाई गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बस्तर में औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने का काम सरकार कर रही है। नई औद्योगिक नीति में कई विशेष प्रावधान किए गए हैं। बस्तर संभाग के लोगों के लिए रोजगार और स्वरोजगार के अवसर सृजित करना हमारी प्राथमिकता में शामिल है। वन संसाधनों का ज्यादा से ज्यादा उपयोग करके हम स्थानीय लोगों की आय को बढ़ा सकते हैं।

**बस्तर में पर्यटकों को लुभाने की असीम संभावनाएं-** परिचर्चा के तीसरे सत्र में बस्तर संभाग में पर्यटन को बढ़ावा देने की योजना का खुलासा अफसरों ने किया, वहीं स्टेकहोल्डर्स ने सुझाव भी रखे। नई छत्तीसगढ़ पर्यटन नीति 2025, शीघ्र प्रकाशित की जाएगी। मौजूदा पर्यटन संपत्तियों को निजी होटल व्यवसायियों को सार्वजनिक-निजी भागीदारी मॉडल के तहत लीज पर देने की योजना बनाई जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि बस्तर क्षेत्र में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं। बस्तर दशहरा, चित्रकोट और तीरथगढ़ जलप्रपात, कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान और प्राचीन गुफाओं के अलावा सातों जिलो के स्थलों का चिन्हांकन करके देशस्तर पर प्रचार करने की जरूरत है, जिससे पर्यटक बस्तर में देखने पहुँच सके। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि निजी क्षेत्र को पर्यटन में भागीदार बनाना जरूरी है। उन्होंने पर्यटन सर्किट विकसित करने गाइड प्रशिक्षण की व्यवस्था भी की जाए, ताकि स्थानीय युवाओं को रोजगार मिले।

**माँग के अनुसार युवाओं को किया जाएगा कौशल-** परिचर्चा के अंतिम यानी चौथे सत्र में मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना, प्रधानमंत्री कौशल योजना, और नियद नेल्ला नार योजनाओं के तहत युवाओं को प्रशिक्षण देने की योजना का खुलासा किया गया। मुख्यमंत्री ने बस्तर के युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कौशल विकास पर विशेष ध्यान देने की बात कही। स्थानीय युवाओं को बाजार और उद्योगों की मांग के अनुरूप प्रशिक्षण देकर रोजगार से जोड़ा जाएगा। नक्सल पीड़ति परिवारों, आत्मसमर्पित नक्सलियों और महिलाओं को इन योजनाओं में विशेष प्राथमिकता दी जाएगी।

**बस्तर की तस्वीर बदलने में यह रहे शामिल -** जगदलपुर में आयोजित परिचर्चा में उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, वन मंत्री केदार कश्यप, सांसद महेश कश्यप, विधायक किरण देव, विनायक गोयल के अलावा मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध कुमार सिंह, सचिव राहुल भगत, संबंधित विभागों के सचिव, बस्तर संभाग के सभी जिलों के कलेक्टर, कृषि, उद्योग, पर्यटन एवं कौशल विकास से संबंधित संस्थाओं के स्टेकहोल्डर उपस्थित रहे।



# धनोरा पारंपरिक वार्षिक देव मेले में पहुंचे सांसद और विधायक



**धनोरा।** पारंपरिक वार्षिक देव मेला में केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम एवं कांकेर लोकसभा कांकेर सासंद भोजराज नाग 19 अप्रैल को शामिल हुए। इनके साथ पूर्व विधायक एवं भाजपा जिलाध्यक्ष सेवकराम नेताम, केशकाल जनपद अध्यक्ष नंदनी पोटाई, केशकाल जनपद सदस्य हितेश नेताम,धनोरा मण्डल अध्यक्ष संतोष सिन्हा ,केशकाल मण्डल अध्यक्ष लम्बोदर सलाम, केशकाल सरपंच संघ के अध्यक्ष गोपेन्द्र मरकाम, रमेश यादव, अजय मिश्रा, राम यदु, सहित बड़ी संख्या में भाजपा समर्पित कार्यक्रता एवं नागरिकजन भी पहुंचे। इसके पहले विधायक का स्थानीय रेस्ट हाउस में भाजपा कार्यकर्ता एवं नागरिकों ने फूलमाला पहनाकर स्वागत किया। रेस्ट हाउस से पैदल नागरिकजन के साथ सभी से भेंट मुलाकात करते हुए मेला स्थल तक जनप्रतिनिधि पहुंचे। सर्वप्रथम मंदिर में माता का दर्शन कर आशीर्वाद लिए। वही मेले में झूले का भी आनंद लिया।

# भाजपा का भीमराव आंबेडकर सम्मान अभियान 25 अप्रैल तक चलाया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



भारतीय जनता पार्टी द्वारा डा. भीमराव अंबेडकर सम्मान अभियान 14 अप्रैल से 25 अप्रैल तक मनाया जा रहा है। जिसमें संविधान निर्माता बाबा साहेब अंबेडकर के संपूर्ण जीवन, देश के प्रति उनके अमूल्य योगदान को बताया जा रहा है। जिसके लिये भाजपा विभिन्न कार्यक्रम,चर्चा, गोष्ठी का आयोजन कर रही है। इसी तारतम्य में आगामी 22 अप्रैल को स्थानीय पं. श्यामा प्रसाद मुखर्जी सभागार टाऊन हॉल में विशेष संगोष्ठी का आयोजन भाजपा कर रही है। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में केन्द्रीय राज्यमंत्री सत्यपाल सिंह बघेल शामिल होंगे। इस कार्यक्रम की तैयारियों के संबंध में आज रविवार को भाजपा जिला कार्यालय में भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। जिसमें भाजपा जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश पाण्डेय ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर सिर्फ एक नाम नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय और समानता के प्रतीक हैं। भारतीय जनता पार्टी बाबा साहेब के विचारों को जन जन तक पहुँचाने विविध कार्यक्रम कर रही है। 22 अप्रैल को आयोजित विशेष संगोष्ठी में केंद्रीय मंत्री सत्यपाल सिंह बघेल सम्मिलित होंगे। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित होकर आयोजन को सफल बनायें।

महापौर संजय पाण्डे ने कहा कि डा.अंबेडकर ने भारत के संविधान की नींव रखी। भाजपा के डा. भीमराव अम्बेडकर सम्मान अभियान कार्यक्रम में नगर निगम पूर्ण सहयोग और गरिमा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। जिला मंत्री नरसिंह राव ने कहा कि भाजपा द्वारा आयोजित संगोष्ठी में कार्यकर्ता समस्त कार्यकर्ता सम्मिलित हो एवं आमजन को भी जोड़ने प्रयास करें। बाबा साहेब के विचारों का व्यापक प्रसार कार्यक्रम का उद्देश्य है। बैठक का संचालन नगर महामंत्री आर्येन्द्र सिंह आर्य एवं आभार प्रदर्शन नगर मंडल अध्यक्ष प्रकाश झा ने किया। इस अवसर पर योगेंद्र पाण्डेय, खेमसिंह देवांगन, हरिराम मंडावी, प्रवीण सांखला, पुरुषोत्तम जोशी, आलोक अवस्थी, शशिनाथ पाठक, तुलसुराम कश्यप, दिनेश के.जी., राजपाल कसेर, संतोष गौर, लक्ष्मण झा, यशवंत ध्रुव, पितामह नायक, संजय विश्वकर्मा, निर्मल प्रसाद पाणिग्रही, कलावती कसेर, उमा मिश्रा, ललिता बघेल, उर्मिला यादव, आशा साहू, श्वेता बघेल, गायत्री बघेल, पूनम सिन्हा, गिरिजा गुप्ता, संग्राम सिंह राणा, हरीश पारेख, तरूण पाण्डे, मुन्नालाल कश्यप, सुखदेव मंडावी, गणपति, दिलीप दास सहित भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# राकसमुंडा तालाब की होगी जांच, गुरु गोविंद सिंह वार्ड की नजूल जमीन होगी मुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

तालाब कब्जा एक गंभीर समस्या है जो निगम क्षेत्र में देखी जा रही है। इससे न केवल जल संसाधन प्रभावित होते हैं बल्कि लोगों के जीवन पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। तालाबों पर अवैध कब्जे को रोकने के लिए कानूनी उपाय उपलब्ध है लेकिन इस समस्या से निपटने के लिए एक व्यापक दृष्टिकोण की आवश्यकता है। गुरु गोविंद सिंह वार्ड स्थित राकसमुंडा तालाब सालों से किसी व्यक्ति द्वारा कब्जा किया हुआ है, इस बात को वार्ड वासी एवं पटेल पुजारी भी जानते हैं। वार्डवासियों की शिकायत पर पार्षद संग्राम सिंह राणा, तहसीलदार रूपेश कुमार मरकाम एवं पटवारी बीआर पोरते की उपस्थिति में स्थल का निरीक्षण किया गया। तहसीलदार मरकाम ने कहा वार्ड वासियों के शिकायत पर स्थल का निरीक्षण किया गया है पुराने रिकॉर्ड निकला जाएगा। जल्द टीम गठित कर रहा हूं जिसमें आरआई, पटवारी, नजुल शाखा के अधिकारी गण स्थल निरीक्षण कर मुझे अवगत कराएंगे। तालाब गांव की रहेगी तो उसे मुक्त किया जाएगा। उस जगह में जितने भी नजूल की जमीन निकलेंगे उसे भी मुक्त किया जाएगा। इस दौरान तेज सिंह ठाकुर,प्रभांस गुप्ता,कनहैया गुप्ता,सालिक राम गुप्ता,जयंती डे समेत वार्डवासी उपस्थित थे। पार्षद संग्राम सिंह राणा ने कहा प्रशासन अपना काम कर रहा है। तहसीलदार स्वयं इस पर संज्ञान लिए हैं। तालाबों पर अवैध कब्जे को रोकने के लिए कानूनी उपाय उपलब्ध है। प्रशासन समुदाय और सभी लोगों को मिलकर इस समस्या से निपटने के लिए काम करना चाहिए।

## पेज 11 के शेष

### तीन दिनों से...

सामान्य से 6.4 सेल्सियस से अधिक दर्ज किया जाता है, तो यह गंभीर हो जाता है। अगले पांच दिनों में चार डिग्री तक और तापमान बढ़ने की संभावना व्यक्त किया जा रहा है। कांकेर जिले में रविवार को अधिकतम तापमान 41 डिग्री सेल्सियस पर रहा।

### एक महीने के...

कर दिया है। वर्तमान में सुशासन तिहार 2025 एवं अन्य योजना से संबंधित कार्यों का संचालन ग्रामीण स्तर पर हो रहा है। अफसरों ने बताया कि सभी सचिवों की आवश्यक बैठक कर कार्य में तेजी लाने की दिशा में कार्ययोजना बनाई जाएगी। पंचायत सचिवों के हड़ताल से लौटने के बाद उन्हें सुशासन तिहार, जीपीडीपी का निर्माण, आवास सर्वे का कार्य, ग्राम पंचायत की बैठक, ग्रामसभा की बैठक, 31 मार्च की स्थिति में रोकड़ बही को बंद का प्रिया सॉप्ट में एंट्री कराना, ग्राम पंचायत पर चल रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा एवं अन्य कार्यों को समय पर पूरा करने का दायित्व सौंपा जाएगा।

**शासकीयकरण करने कमेटी सौंपेगी रिपोर्ट:** विभाग द्वारा गठित कमेटी जनवरी 2026 तक अंतिम रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी और इसके बाद शासकीयकरण किया जाएगा। शासकीयकरण करने से पहले पूर्व में जारी आदेश में निर्देशित चिकित्सा व्यय प्रतिपूर्ति के लिए अलग से मार्गदर्शिका जारी की जाएगी। जिला अध्यक्ष ने बताया वर्तमान में 15 वर्ष सेवा पूर्ण करने पर हो रहे वेतन सत्यापन विसंगति का सुधार किया जाएगा। आंदोलन अवधि के वेतन की स्वीकृति तत्काल प्रदान किए जाने को लेकर सहमति बनी है।

### मुनारा सत्यापन के...

को आधार मानकर वन खंडवार निकाली गई मुनारों की संख्या के अनुसार वन सीमा निरीक्षण प्रपत्र में मौके में वन सीमा का सत्यापन कर सत्यापन में पाई गई मुनारों की स्थिति जैसे अच्छा, कच्चा, मरम्मत, योग्य मौके पर नही पाए गए की रिपोर्ट बना रहे है। वन सीमाओं के सत्यापन के दौरान सत्यापन करने वाले अधिकारी, कर्मचारी द्वारा प्रत्येक मुनारे का प्रकार उसकी हालत तथा सीमा रेखा पर अतिक्रमण की जानकारी रखेंगे।

### खबर संक्षेप

## शिक्षकों ने दिया सफाई का संदेश



**बास्तानार।** एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय कोड़ेनार ब्लाक बास्तानार में शुक्रवार को विद्यालय के शिक्षकों ने स्वयं विद्यालय व छात्रावास की सफाई करके स्वच्छता का संदेश दिया। समस्त स्टाफ सहित कर्मचारीयों ने विद्यालय भवन परिसर, छात्रावास परिसर, पार्क आदि की सफाई में हिस्सा लिया और छात्र-छात्राओं को जीवन में साफ-सफाई का महत्व समझाते हुए स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जिससे समाज में बहुत सी बीमारियों से बचाव किया जा सके और छात्र जीवन में एक अनुशासन व अच्छी सोच पैदा हो सके। इस दौरान समस्त स्टाफ सहित छात्र-छात्राएं व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### इंद्रावती नदी सूखने से मक्का फसल चौपट, किसान खेतों में चरा रहे मवेशी

# इंद्रावती सूखी, मक्का फसल तबाह खेतों में चारा बन रही मेहनत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घाटलोहंगा /भोंड



बस्तर विकासखंड के ग्राम पंचायत भाटपाल के अंतर्गत ग्राम भुरसुंडी में इस वर्ष जल संकट का गंभीर असर देखने को मिला है। इंद्रावती नदी जो इस क्षेत्र की प्रमुख जीवनरेखा मानी जाती है, इस बार समय से पहले ही पूरी तरह सूख चुकी है। इसका सीधा असर किसानों की मक्का की फसल पर पड़ा है। बिना पानी के मक्का की फसलें पूरी तरह सूख गई हैं, जिससे किसान बेहद संकट में हैं।

■ प्रभावित किसानों की फसल बीमा योजना के तहत मुआवजा देने की मांग

मजबूरी में किसानों ने अब अपने मक्का की फसल को जानवरों के चारे के रूप में इस्तेमाल करना शुरू कर दिया है। खेतों में अधपकी और सूखी मक्के की फसलें अब गाय, बैल और बकरियों के भोजन का साधन बन चुकी हैं। यह स्थिति क्षेत्र की खेती-किसानी की बदहाली को दर्शाती है। ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने मक्के की फसल में हजारों रुपये खर्च किए थे, लेकिन सूखे की मार ने सब कुछ बर्बाद कर दिया। इस गंभीर स्थिति को देखते हुए जनपद पंचायत बस्तर के सदस्य हेमराज बघेल ने राज्य सरकार से पीड़ित किसानों के लिए अविलंब मुआवजे की मांग की है। उन्होंने कहा कि भुरसुंडी सहित इंद्रावती नदी से प्रभावित कई गांवों में किसान बर्बादी की कगार पर पहुंच चुके हैं। फसल का एक दाना भी घर नहीं आया।

यह केवल प्राकृतिक आपदा नहीं, प्रशासनिक लापरवाही का भी परिणाम है। सरकार को चाहिए कि तत्काल सर्वे करवा कर किसानों को राहत दे। श्री बघेल ने आगे कहा कि इंद्रावती नदी के सूखने के पीछे जल संरक्षण की कमी और योजना के अभाव को भी जिम्मेदार माना जाना चाहिए। उन्होंने राज्य सरकार से मांग की कि इंद्रावती नदी के संरक्षण और पुनर्जीवन हेतु विशेष कार्ययोजना बनाई जाए। साथ ही, प्रभावित किसानों को फसल बीमा योजना के तहत या विशेष राहत पैकेज के अंतर्गत त्वरित मुआवजा दिया जाए। ग्राम भुरसुंडी के किसान भी सरकार से गुहार लगा रहे हैं कि उन्हें हुए नुकसान की भरपाई की जाए । यह समस्या केवल भुरसुंडी तक सीमित नहीं है, बल्कि बस्तर के कई इलाकों में जल संकट और फसल नुकसान की यही स्थिति बनी हुई है। किसान अब शासन और प्रशासन की ओर उम्मीद से देख रहे हैं कि उन्हें इस कठिन समय में सहारा मिले।

### बंजर भूमि बनी उर्वर

## मावलीगुड़ा स्कूल की पोषण वाटिका से निकला 4 क्विंटल प्याज



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोंड



बस्तर विकासखण्ड के प्राथमिक शाला मावलीगुड़ा राजपुर ने एक मिसाल पेश की है। जहां विद्यालय की पोषण वाटिका से इस वर्ष लगभग 4 क्विंटल प्याज की पैदावार हुई है। यह उपलब्धि विद्यालय के प्रधानपाठक शोभी राम बघेल, शिक्षक गिरिजा साहू, एजेस कुमार साहू के मार्गदर्शन, और बच्चों की मेहनत का परिणाम है।

विद्यालय परिसर की यह भूमि पहले बंजर मानी जाती थी, लेकिन अमरु राम भारती (रसोइया) और उनकी पत्नी, लेबोराम, स्वीपर आसमती तथा ग्राम के जागरूक नागरिक सोनू की सतत मेहनत से इसे उपजाऊ बनाया गया। इन सभी ने मिलकर न केवल खेत की जुताई और बुआई की, बल्कि नियमित देखभाल और सिंचाई के द्वारा प्याज की यह शानदार फसल उगाई।

इस सामूहिक प्रयास ने यह साबित कर दिया कि सही मार्गदर्शन, सामूहिक सहयोग और परिश्रम से कोई भी असंभव कार्य संभव हो सकता है। ग्रामवासियों और स्कूल परिवार की इस पहल से अन्य शालाओं और गांवों को भी प्रेरणा मिलेगी।

## प्रधानमंत्री आवास की सौगात...



**जगदलपुर।** शहर सीमा से लगे ग्राम पंचायत आड़ावाल के नयापारा में रविवार को प्रधानमंत्री आवास के लिए स्वीकृत घरों का भूमिपूजन किया गया। सरपंच जयंती कश्यप और पंचों समेत वरिष्ठ भाजपा नेता राजेश शर्मा की मौजूदगी में ग्रामीणों को मिलने वाली सौगात की शुरूवात की गई।

# कचनार में राम मंदिर निर्माण फिर से होगा शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बकावंड



विकासखंड बकावंड की ग्राम पंचायत कचनार (बोरपदर) में अधूरे राम मंदिर निर्माण कार्य को पूर्ण करने हेतु राम मंदिर निर्माण समिति का गठन किया गया है।

समिति की अध्यक्षता गजानंद दास कुलदीप को सौंपी गई है। अन्य पदाधिकारियों में पाकलूराम कश्यप को सचिव, विद्याधर सेठिया को कोषाध्यक्ष, तुलसीराम बघेल व गुड्डूराम भद्रे को उपाध्यक्ष, तथा खगेश्वर कर्मा सहित अन्य लोगों को सदस्य बनाया गया है। समिति की पहली बैठक में यह निर्णय लिया गया कि मंदिर निर्माण कार्य को जल्द से जल्द पूरा किया जाएगा और इसके लिए रूपरेखा आज से ही तैयार की गई है। बैठक में बड़ी संख्या में समिति सदस्य और ग्रामीण उपस्थित रहे। बताया गया है कि मंदिर की नींव वर्ष 1992-93 में क्षेत्र के सनातनी हिंदू समाज एवं बजरंग दल के वरिष्ठ सदस्यों की सहभागिता से रखी गई थी।

■ गजानंद दास बने समिति के अध्यक्ष

तब से अब तक मंदिर निर्माण का कार्य अधूराही पड़ा है। मंदिर निर्माण को पूर्ण करने हेतु क्षेत्र के बजरंग दल के सदस्यों द्वारा निर्माणाधीन स्थल पर बैठक आयोजित की गई। गजानंद दास कुलदीप को समिति का अध्यक्ष इसलिए चुना गया क्योंकि उनकी कार्यशैली धर्म के प्रति रुझान वाली है। उन्होंने पूर्व में नेगानार स्थित शिव मंदिर व बोरपदर के माता मंदिर एवं कबीर कुटी निर्माण में उल्लेखनीय सहयोग व धर्म के प्रति सक्रिय योगदान दिया था।

धार्मिक कार्यों में उनकी सक्रियता को देखते हुए उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। समिति ने मंदिर निर्माण के साथ-साथ क्षेत्र में गौशाला निर्माण को भी प्राथमिकता देने की बात कही है। महेश कश्यप जबसे बस्तर के सांसद चुने गए हैं तबसे क्षेत्र में लोगों में धर्म के प्रति अच्छी जागरूकता आई है। लोगों में धर्म के प्रति प्रभावना तेजी से बढ़ रही है। आदिवासी विकासखंड बकावंड क्षेत्र में कांग्रेस के विधायक होने के बावजूद सनातनी परंपरा को आगे बढ़ाने का प्रयास शुरू है। गौरतलब है कि सांसद महेश कश्यप बस्तर में बड़े पैमाने पर जारी धर्मांतरण के बीच आदिवासी परंपरा संस्कृति और सनातन धर्म की रक्षा के लिए सांसद चुने जाने के सालों पहले से ही समर्पित भाव से काम करते आ रहे हैं। आदिवासियों को उनकी पूजा पद्धति से अलग करने वालों के खिलाफ सांसद महेश कश्यप ने धार्मिक तरीके से जंग छेड़ रखी है। गांवों में देवी देवताओं के मंदिरों का निर्माण लगातार हो रहा है।

### निधन

## बैजनाथ कोस्टा



**जगदलपुर।** नयापारा निवासी बैजनाथ कोस्टा का रविवार को असामयिक निधन हो गया। वे लम्बे समय से अस्वस्थ थे। वे सतीश साव एवं रवि साव के पिता थे। उनकी अंतिम यात्रा कल सोमवार को दोपहर 12 बजे उनके निवास स्थान से मुक्तिधाम के लिए निकलेगी।

## ग्रामसभा में ग्रामीणों की दिखी एकजुटता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बकावंड

ग्राम पंचायत कुंडगुड़ा मधोता 2 में ग्रामसभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नोडल अधिकारी ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी बसंत टोप्पो थे। कृषि विस्तार अधिकारी ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए ग्रामसभा के उद्देश्यों और महत्व के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

उन्होंने विभिन्न विषयों पर चर्चा करते हुए ग्रामीणों को अपने विचार साझा करने के लिए प्रोत्साहित किया। ग्राम पंचायत कुंडगुड़ा के सरपंच ईश्वर मंडावी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि ग्रामसभा में अधिक से अधिक संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति आवश्यक है। उन्होंने ग्रामीणों से आग्रह किया कि वे ग्राम पंचायत के विकास एवं कार्ययोजना में भागीदार बनकर ग्राम पंचायत के सर्वांगीण विकास में सहयोग करें। इस अवसर पर उप सरपंच सामबती ठाकुर, जनपद सदस्य समली कश्यप, जगरू कश्यप, सोमारी नाग, गोमती ठाकुर, लिकेश कश्यप, गदाराम नाग, गोमती कश्यप, संपत मंडावी, सुरेश पोयाम, लखमू नाग, लोकनाथ ठाकुर और रोजगार सहायक हेमराज मौर्य सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## माओवादियों के नापाक मंसूबों को किया विफल



**बीजापुर।** जिले के उसूर इलाके में सुरक्षाबलों के जवानों ने नक्सलियों द्वारा लगाये गये दो आईईडी को बरामद कर उसे सुरक्षित तरीके से नष्ट कर दिया है। सूत्रो के मुताबिक शुक्रवार को गुंजेपर्ती कैम्प 205 कोबरा की टीम एरिया डॉमिनेशन पर निकली थी। इस दौरान डेढ़ किग्रा के दो आईईडी बरामद कर सुरक्षित नष्ट किया गया। डीमाईनिंग डयूटी के दौरान सुबह नौ बजे के आसपास गुंजेपर्ती कच्चे रास्ते में माओवादियों द्वारा लगाए गए दो बीयर बॉटल में आईईडी को नष्ट किया गया। कोबरा 205 की बीडी की टीम के द्वारा मौके पर आईईडी को सुरक्षित तरीके से नष्ट किया गया।

## प्राचार्य व संकुल समन्वयकों की बैठक बीईओ ने ली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बैठक



विकासखंड शिक्षा अधिकारी बस्तर, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी एवं संकुल स्रोत समन्वयक बस्तर के द्वारा विकासखंड बस्तर के समस्त प्राचार्य की बैठक ली गई।


जिसमें महत्वपूर्ण रूप से जाति प्रमाण पत्र आईपीआर एंट्री लंबित अवकाश पर विस्तृत चर्चा कर उच्च कार्यालय द्वारा समय-समय पर दिए गए निर्देश को निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया। उक्त बैठक में सभी खण्ड स्तरीय प्राचार्य उपस्थित थे। सर्व प्रथम नवपदस्थ बीईओ भारती देवांगन का सहायक खण्ड शिक्षा अधिकारी सुशील तिवारी द्वारा उपस्थित प्राचार्यो को परिचय कराया गया। सभी प्राचार्यो ने करतल ध्वनि से भारती देवांगन बीईओ का स्वागत किया। वही नवपदस्थ बीईओ द्वारा ब्लॉक स्तर की शिक्षा व्यवस्था को चाक चौबंद बनाने सभी से सहयोग की अपील की है। आज की बैठक में अन्य सभी विषयों पर भी चर्चा की गई।

### रस्सी और लकड़ी के खंभा में कलात्मक योगाभ्यास

# समर कैंप में बच्चे सीख रहे पारंपरिक खेल







हरिभूमि न्यूज ▶▶| नकुलनार

दंतेवाड़ा जिले के आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र में बहुत सी प्रतिभाएं छिपी हुई है। बस उन प्रतिभाओं को सही मंच और मार्गदर्शन देकर निखारने की जरूरत है। शिक्षा विभाग द्वारा समर कैम्प जिलेभर के आवासीय विद्यालयों में चलाया जा रहा है। जहां बच्चों की छिपी हुई प्रतिभा को निखारने और संवारने का काम किया जा रहा है। कुआकोंडा के गुरुकुल आवासीय विद्यायल पोटाकेबिन क्रमांक 2 में इन दिनों छात्र-छात्राओं को पारम्परिक मलखम्भ की विधाओं का जमकर अभ्यास कराया जा रहा हैं। बच्चों की कलात्मक रुचि इस खेल के प्रति देखते ही बनती है। जिला शिक्षा अधिकारी एसके अबस्था और डीपीसी हरीश गौतम द्वारा सतत जिलेभर में समर कैम्प की मॉनिटरिंग कर व्यवस्था और बच्चों की सुविधाओं को देखा रहा है। आपको बता दे कि समर कैंप में प्रतिदिन 60 छात्र-छात्राएं सुबह और शाम दो-दो घंटे मलखम्भ की विभिन्न कलाओं का अभ्यास जमकर कर रहे हैं। उन्हें प्रशिक्षण देने नारायणपुर जिले से आये दो अनुभवी प्रशिक्षक कमलू पोयाम और राजबती नुरेटी द्वारा बच्चों को खेल की बारीकियों के साथ-साथ आत्मविश्वास, संतुलन और शारीरिक लचीलापन भी सिखाया जा रहा हैं। पोटा केबिन अधीक्षक प्रभाकर राठौर ने बताया कि बच्चे इस प्रशिक्षण को पूरी लगन और अनुशासन के साथ खेल रहे हैं। रोज मलखम्भ के नए-नए आसन, संतुलन की तकनीकें और कलात्मक मुद्राओं का अभ्यास करके बच्चे इस पारंपरिक खेल में पारंगत हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि मलखम्भ न केवल एक खेल है बल्कि यह शारीरिक विकास, एकाग्रता और मानसिक संतुलन का भी उत्कृष्ट साधन है।

आने वाली 29-30 अप्रैल को जिला स्तर पर एक भव्य प्रदर्शन का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें पोटाकेबिन क्रमांक 2 के बच्चे अपनी सीखी हुई मलखम्भ विधाओं का प्रदर्शन करेंगे। यह कार्यक्रम न केवल बच्चों के आत्मविश्वास को बढ़ावा देगा, बल्कि उनके भीतर छिपी प्रतिभा को भी मंच भी प्रदान करेगा। समर कैंप के माध्यम से न सिर्फ खेलों के प्रति रुचि बढ़ रही है, बल्कि बच्चों में अनुशासन, आत्मविश्वास और टीम भावना का भी विकास हो रहा है।



## कांस्य पदक पर कब्जा

**जगदलपुर।** चौथे खेलो मास्टर्स गेम दिल्ली, जिसका आयोजन कामनवेल्थ खेलगांव स्टेडियम दिल्ली में आयोजित किया गया था। छग की 50+ की फुटबॉल टीम ने कांस्य पदक पर कब्जा कर तीसरा स्थान प्राप्त किया। अंबिकापुर, सरगुजा और रायपुर के खिलाड़ियों से सजी छत्तीसगढ़ की टीम में जगदलपुर से स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत मोहम्मद शकील खान और दंतेवाड़ा में आबकारी विभाग में कार्यरत देवेंद्र ठाकुर भी शामिल रहे। शकील खान द्वारा दूसरे मैच में टीम की कप्तानी भी की। सीजी मास्टर्स टीम के महासचिव नरेंद्र नशीने, अरशद हुसैन और अंबिकापुर से सत्या नेताम का विशेष योगदान रहा। इसी तरह टीम के एथलीट सदस्यों ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए, स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक पर कब्जा किया।

## सीएमडी का किया गया स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बचेली

नगर के विकास और सौदंर्यीकरण के लिए नगर पालिका अध्यक्ष राजू जायसवाल, सतीश प्रेमचंदानी और बीजेपी के पार्षदगण बचेली दौरे पर आये। एनएमडीसी सीएमडी अमिताभ मुखर्जी से सौजन्य मुलाकत की। उन्हें पुष्प गुच्छ देकर उनका स्वागत किया एवं नगर के विकास के लिए अपने कुछ मांगो को उनके सम्मुख प्रस्तुत किया। राजू जायसवाल द्वारा प्रमुखता से हर वार्ड में जल आपूर्ति के लिए बोरवेल खनन, शिव मंदिर रोड डामरीकरण, शव वाहन, एम्बुलेंस वाहन प्रदाय, एनएमडीसी अपोलो अस्पताल में ओपीडी पर्ची 65 रूपए लिए जा रहा हैं, उसे पहले के भांती 10 रूपए करने के लिए भी निवेदन किया गया हैं। अस्पताल में अत्याधुनिक चिकित्सा उपकरण जैसे सिटी स्कैन, सोनोग्राफी, एमआरआई की व्यवस्था का भी ज्ञापन सौपा गया हैं। सीएमडी द्वारा उनके ज्ञापन पर विचार करने और व्यवस्था का भी आश्वासन दिया गया हैं।

HEALTH TOWN

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 8103128515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.

नाक,कान, गला विभाग
● सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
● ऑपरेशन द्वारा ईलाज
● नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जॉच
एलर्जी

Dental & Consmetic Treatments
● टेड़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
● दांतो की नसों का इलाज
● दांतों की सफाई व चमकाना
● दंत प्रत्यारोपण
● मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# छत्तीसगढ़ मछुआ कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष ने मछुआ समितियों की सुनी समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

## मत्स्य नीतियों में किया जाएगा संशोधन

छत्तीसगढ़ मछुआ कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष भरत मटियारा ने रविवार 20 अप्रैल को जिला कार्यालय के सभा कक्ष में जिले के मछुआरा वर्ग, सहकारी समितियों एवं मत्स्य पालकों के साथ बैठक लिया और उनके कल्याण के लिए विभिन्न मुद्दों पर चर्चा किया। बैठक में उन्होंने जिले के सभी मछुआ सहकारी समितियों की मांगें और समस्याएं सुनी और उनके निराकरण का आश्वासन दिया।

कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक में बोर्ड के अध्यक्ष ने कहा कि वे लगातार बस्तर संभाग के जिलों का दौरा कर मछुआरा वर्ग की समस्याओं से अवगत हुए। राज्य सरकार द्वारा बोर्ड के माध्यम से उनके कल्याण के लिए सतत प्रयास किये जा रहे हैं और मत्स्य नीति को स्थानीय मत्स्य पालकों के हितों को ध्यान में रखते हुए आवश्यक संशोधन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कांकेर जिले को मत्स्य उत्पादन में अग्रणी बनाने के लिए हेचरी का निर्माण किया जाएगा। इसके साथ ही मत्स्य पालकों को मछली बेचने के लिए सुव्यस्थित विक्रय केंद्र की भी सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में मत्स्य संपदा योजना और केसीसी योजना से मत्स्य पालकों को आगे बढ़ाने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की मंशा है कि शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। उ



### जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाएं

सभी मत्स्य पालकों से अपील करते हुए कहा कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाएं। पूर्व सांसद मोहन मंडावी ने कहा कि आज के समय में धान की खेती के अलावा हर किसान को एक तालाब बनाकर मछली उत्पादन अवश्य करना चाहिए, इससे अच्छी आय प्राप्त कर सकते हैं। नगर पालिका अध्यक्ष अरुण कौशिक ने कहा कि बस्तर क्षेत्र की जलवायु मछली पालन के अनुकूल है। शासन द्वारा भी मत्स्य उत्पादन को आगे बढ़ाने के आवश्यक सहायता उपलब्ध कराई जा रही है, जिससे मत्स्य पालक अच्छी आय प्राप्त कर सकें। जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती तारा ठाकुर और नागरिक महेश जैन ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। आयोजित बैठक में जनपद पंचायत अध्यक्ष पूर्णिमा कावड़े, नगर पालिका उपाध्यक्ष उत्तम यादव सहित स्थानीय जनप्रतिनिधिगण एवं विभागीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### समाज ने सेना के जवान को किया सम्मानित

**चारामा।** विकासखंड चारामा के ग्राम मुड़खुसरा निवासी भारतीय सेना के जवान विजय चक्रधारी पिता गोरख लाल चक्रधारी ने म्यांमार में आए भीषण भूकंप के दौरान अपने अद्भुत साहस और सेवाभाव से न केवल सेना का बल्कि अपने समाज और छत्तीसगढ़ का भी नाम रोशन किया। सेना में 2014 में भर्ती हुए विजय म्यांमार के भूकंप के दौरान विपरीत परिस्थितियों में उन्होंने न केवल लोगों को सुरक्षित स्थानों तक पहुँचाया। बल्कि अस्थायी अस्पताल बनाकर दर्जनों भूकंप पीड़ितों को जीवनदायी चिकित्सा सहायता भी प्रदान किया। इस साहस को देखते हुए समाज ने सेना के जवान को सम्मानित किया।

### जिपं अध्यक्ष मोर दुआर साय सरकार के तहत पहुँची कहाड़गोंदी, किया सर्वे



**कांकेर।** भारत सरकार ग्रामीण विकास मंत्रालय के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी और मुख्यमंत्री विष्णु साय की मंशाअनुसार प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के उपलक्ष्य में जिला पंचायत अध्यक्ष किरण नरेटी का जन संपर्क अभियान ग्राम पंचायत कहाड़गोंदी में आयोजित किया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष ने आवास प्लस सर्वे ऐप में छूटे हुए पात्र परिवार सविता बाई कांगे का नाम जोड़कर सर्वेक्षण कार्य का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी को लागू करने और प्रत्येक आवासहीन को आवास उपलब्ध हो यह पहली प्राथमिकता है। इस अवसर पर ग्राम पंचायत कहाड़गोंदी के सरपंच जयसिंह नेताम, ग्राम पटेल लोचन कांगे, भोजराज सिन्हा, नन्द कुमार सिन्हा, कोमल मण्डावी, बीआर सुकदेवे सहित अन्य जनप्रतिनिधि, कर्मचारी उपस्थित रहे।

### चयन परीक्षा में हजार से अधिक परीक्षार्थी हुए शामिल

**जगदलपुर।** आदिम जाति और अनुसूचित जाति कल्याण विभाग द्वारा संचालित प्रयास आवासीय विद्यालयों के कक्षा नवमी में प्रवेश के लिए रविवार 20 अप्रैल को चयन परीक्षा वर्ष 2025-26 का आयोजन किया गया। जिसमें जिले के एक हजार से अधिक परीक्षार्थी सम्मिलित हुए।

### निधन

**रमेश यादव**

**कांकेर।** माहुरबंदपारा कांकेर निवासी रमेश यादव का निधन



हृदयघात से 18 अप्रैल की रात को एक बजे के आसपास हो गया था। उनका अंतिम संस्कार 18 अप्रैल को अन्नपूर्णापारा मुक्तिधाम में किया गया।

# मुहूर्त : खरमास के समाप्त होते ही मांगलिक कार्य जारी

# जून माह तक विवाह के बन रहे है 38 मुहूर्त, मई में होंगी सर्वाधिक शादियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



पिछले माह से लगे हुए खरमास महीने के समाप्त होने के साथ ही अप्रैल से शादी विवाह जैसे मांगलिक कार्य की शुरुआत हो गई है। मार्च में खरमास समाप्त होने के साथ ही 14 अप्रैल से मांगलिक कार्यों की शुरुआत हो गई है, जो जून महीने तक चलेगा।

14 अप्रैल से 10 जून तक सामान्य एवं विशेष को मिलाकर कुल 38 विवाह के मुहूर्त इस बार बन रहे हैं। इसके बाद देवशयनी एकादशी से पहले गुरु तारा के अस्त हो जाने से इस बार लंबी अवधि तक विवाह के मुहूर्त नहीं बन रहे हैं, जिससे जो लोग अभी 3 महीने के अंदर विवाह जैसे कार्य के नहीं करेंगे तो उन्हें आगे लंबा इंतजार करना पड़ेगा। 11 जून से गुरु तारा अस्त हो जा रहे हैं, इसके बाद विवाह के मुहूर्त नहीं होंगे, जबकि देवशयनी एकादशी 6 जुलाई को है। पिछले कुछ सालों से देवशयनी एकादशी के बाद ही मांगलिक कार्यों पर ब्रेक लगता था। लेकिन इस बार 25 दिन पहले ही गुरु के अस्त होने से मांगलिक कार्य पर ब्रेक लग जाएगा। वहीं दूसरी ओर देवउठनी एकादशी के बाद वैवाहिक कार्य चालू हो जाते थे, लेकिन इस बार 1 नवंबर को देवउठनी एकादशी है। इसके ग्रह नक्षत्र का अच्छा योग नहीं होने की वजह से 21 नवंबर से वैवाहिक कार्य प्रारंभ होंगे अर्थात देवउठनी एकादशी के 20 दिन बाद वैवाहिक कार्य प्रारंभ होंगे। इस हिसाब से प्रतिवर्ष लगभग 4 महीना तक के चातुर्मास में वैवाहिक कार्य जो बंद रहते थे, इस बार लगभग साढ़े पांच महीने तक वैवाहिक कार्य बंद रहेंगे। इससे लोगों को लगभग आधे साल का लंबा इंतजार करना पड़ेगा। खरमास समाप्त होने के बाद 14 अप्रैल से 11 जून के बीच कुल 38 वैवाहिक मुहूर्त के बाद पांच महीने के लंबे अंतराल के बाद 21 नवंबर से पुनः वैवाहिक मुहूर्त चालू होंगे। इसमें नवंबर व दिसंबर मिलाकर कुल 11 विवाह के शुभ मुहूर्त मिलेंगे। वैवाहिक मुहूर्त का अभाव होने के कारण इस बार शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में जल्द से जल्द वैवाहिक कार्य निपटाने की जल्दी बाजी है। मुहूर्त शुरू होने से पखवाड़े महीने भर पहले ही लॉज, होटल, हलवाई, पंडितों व डीजे बुकिंग शुरू हो गई है।

### अप्रैल से जून तक ये हैं विवाह के मुहूर्त

अप्रैल महीने में 20, 21, 25, 29 व 30 कुल 11 शुभ मुहूर्त हैं। इसी तरह मई महीने में 1, 5, 7, 8, 9, 10, 11, 12, 13, 14, 15, 16, 17, 18, 22, 23, 24, 27, 28 कुल 19 अर्थात सबसे ज्यादा विवाह के मुहूर्त हैं। इसके बाद जून के महीने में सबसे कम विवाह के कुल 8 मुहूर्त हैं, इसमें 1, 2, 3, 4, 5, 6, 7 व 9 जून को विवाह के मुहूर्त हैं।

# जिला पंचायत उपाध्यक्ष ने सरोना में किया सर्वे



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरोना

प्रधानमंत्री आवास योजना से वंचित पात्र परिवारों को जोड़ने के लिए चल रहा है आवास प्लस 2.0 के मोर दुवार, साय सरकार के तहत जिला पंचायत उपाध्यक्ष तारा ठाकुर ग्राम पंचायत सरोना में पहुँचकर सर्वे कार्यक्रम में शामिल हुई।

जिला पंचायत उपाध्यक्ष ने सर्वेक्षण के दौरान यह सुनिश्चित किया कि पात्र परिवारों का नाम आवास प्लस सर्वे एप में जोड़कर सर्वे का काम प्रारंभ कराया जाए। उन्होंने सर्वेयरों को निर्देश दिए कि ग्राम पंचायत में जितने भी पात्र परिवार आवास से वंचित हैं, उनके नाम 30 अप्रैल तक आवास प्लस सर्वे के माध्यम से जोड़ने की प्रक्रिया पूरी की जाए। उल्लेखनीय है कि आवास प्लस अंतर्गत सर्वेक्षण का कार्य 15 से 30 अप्रैल तक जारी रहेगा। इस दौरान छूटे हुए पात्र परिवारों के नाम को नए प्रावधानों के अनुसार दर्ज किया जा रहा है, ताकि कोई भी योग्य व्यक्ति इस विकास के लाभ से वंचित न रहे। इस सर्वेक्षण के माध्यम से जहां एक ओर सरकार द्वारा दी जा रही आवास योजनाओं का लाभ अधिकतम लोगों तक पहुंचाने की कोशिश की जा रही है, वहीं दूसरी ओर यह पहल स्थानीय प्रशासन की जिम्मेदारी और संवेदनशीलता का भी प्रतीक है। जिला पंचायत उपाध्यक्ष तारा ठाकुर का यह प्रयास निश्चित रूप से ग्राम पंचायत सरोना के लोगों के लिए एक नई उम्मीद एवं व्यवस्था का संकेत है, जो कि उनके बेहतर कल की ओर एक कदम है। इस अवसर पर वार्ड पंच एवं भाजपा कार्यकर्ता अनिल गजपाल और संजय गोलछा भी उपस्थित रहे।

# मोर दुआर साय सरकार अभियान में जनपद सदस्य हुए शामिल



**दुर्गुकोंदल।** प्रदेश में गरीब और जरूरतमंद परिवारों को पक्का मकान दिलाने का सपना अब साकार होता नजर आ रहा है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में चलाए जा रहे मोर दुआर साय सरकार अभियान के तहत प्रधानमंत्री आवास प्लस योजना का सर्वे 15 अप्रैल से शुरू हो गया है, जो 30 अप्रैल तक चलेगा। इस अभियान को धरातल पर सफल बनाने में जनपद पंचायत दुर्गुकोंदल के जनपद सदस्य लगातार सक्रिय हैं। मोर दुआर साय सरकार अभियान के तहत जनपद सदस्य स्वयं गांव-गांव, घर-घर पहुंचकर उन जरूरतमंद परिवारों की पहचान कर रहे हैं, जिनका नाम पूर्व की सूची में छूट गया था। मोबाइल ऐप के माध्यम से पात्र हितग्राहियों का आन स्पाट सर्वे कर उनके नाम सूची में जुड़वाए जा रहे हैं ताकि कोई भी गरीब परिवार आवास योजना से वंचित न रह जाए। ग्राम पंचायत राऊरवाही के तीनों आश्रित ग्राम सटेली, महेंद्रपुर,राऊरवाही में भी जनपद सदस्य पीलम नरेटी ने स्वयं पहुंचकर ऐसे कई परिवारों को चिन्हित कर आवास प्लस सूची में जोड़ने का कार्य किया। क्षेत्रवासियों द्वारा उनके इस सेवा भाव की सराहना की जा रही है। जनपद सदस्य पीलम नरेटी ने कहा कि केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार और राज्य की विष्णु देव सरकार की प्रधानमंत्री आवास प्लस योजना का सर्वे 30 अप्रैल तक चलेगा। विष्णु देव सरकार की यह संयुक्त पहल अब तक की सबसे बड़ी जनकल्याणकारी योजनाओं में से एक है, जिसका लाभजमीनी स्तर पर आमजन को मिल रहा है। सरकार का उद्देश्य है कि गांव के अंतिम व्यक्ति तक भी योजना का लाभ पहुंचे। इस मौके पर सरपंच बलराम टेपारिया, कृष्णा पटेल, संतोष जैन, आकेश जैन, सुकदेव जैन, रतन जैन आदि मौजूद रहे।

# बाइक के अनियंत्रित होने से पीछे बैठे ग्रामीण की गिरने से हुई मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



सरोना बाजार से वापिस जा रही बाइक तिरियारपानी सीसी रोड पुल के पास अनियंत्रित हो गई। बाइक में पीछे बैठे एक व्यक्ति पुल के पास गिर गए, जिन्हें सिर पर गंभीर चोट आई। ईलाज के दौरान रायपुर में मृत्यु हो गई। विवेचना में पाया गया कि बाइक चालक की लापरवाही से हादसा हुआ। पुलिस ने विवेचना के उपरांत बाइक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। विवेचना में परिजनों ने पुलिस को बताया कि मृतक महेश महावीर अपने रिश्तेदार बलराज नेताम निवासी साल्हेभाट सरोना के साथ अपने भांजा देवेन्द्र कुमार शोरी निवासी डूमरपानी के मोटर सायकल क्रमांक सीजी19 बीयू 4138 में सरोना बाजार अपने काम से गया था, काम होने के बाद शाम को अपने फुल बेटा के साथ घर वापिस आ रहे थे। मोटर सायकल को बलराज नेताम चला रहा था, वहीं मृतक महेश महावीर पीछे बैठा था। तिरियारपानी सीसी रोड पुल के पास सायं 7 बजे पहुचे थे कि मोटर सायकल अचानक अनियंत्रित हुई और मृतक जमीन में गिर गया। गिरने से मृतक के सिर में गंभीर चोट आई, जिसके ईलाज के लिए जिला अस्पताल कांकेर में भर्ती कराया। और यहाँ से हायर सेंटर डीकेएस अस्पातल रायपुर में भर्ती कराया, ईलाज के दौरान मृत्यु हो गई थी। बाइक चालक बलराज नेताम पिता सुशील नेताम निवासी साल्हेभाट सरोना की लापरवाही के कारण हादसा हुआ, जिसके चलते पुलिस ने इनके खिलाफ अपराध धारा 281,106 (1) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया।

### चिड़िया मारने की दवाई खाकर अधेड़ ने दी जान

**कांकेर।** पखांजुर थाना क्षेत्र के 45 वर्षीय नोबास खेस ने चिड़िया मारने कि दवाई खाकर अपनी जान दे दी। बेगीधोड़िया निवासी सुप्रिया खेस ने पुलिस को बताया कि मृतक ने अपने घर में रखे चिड़िया मारने की दवाई का सेवन कर लिया, जिससे उसकी 19 अप्रैल को मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

# हरे सोने की फसल जंगलों में लहलहा रही, 15 दिनों बाद शुरू होगी तोड़ाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

- **5500 रुपए प्रति मानक बोरा की दर पर होगी हरा सोना की खरीदी**

तेंदूपत्ता बूटा कटाई के लगभग 45 दिनों बाद तैयार होने वाला हरा सोना जंगलो में लहलहा रहा हैं, जो 10 से 15 दिनों में तोड़ाई के लिए तैयार हो जाएगा। इस बार पूरे तेंदूपत्ता की खरीदी शासन द्वारा 5500 रुपए प्रति मानक बोरा के दर पर किया जाएगा। शासकीय खरीदी से तेंदूपत्ता संग्राहकों को कई लाभ होंगे। उन्हें निश्चित मूल्य मिलेगा, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। इसके अलावा तेंदूपत्ता की गुणवत्ता भी सुनिश्चित होगी, जिससे इसकी मांग बढ़ेगी तेंदूपत्ता संग्राहकों ने शासकीय खरीदी की घोषणा पर खुशी जताई है।

तेंदूपत्ता को हरा सोना भी कहा जाता है, यह एक महत्वपूर्ण वन उत्पाद है जो भारत के कई हिस्सों में पाया जाता है। इसका मुख्य उपयोग बीड़ी बनाने में किया जाता जो एक पारंपरिक भारतीय क्षेत्र के जंगल में हरा-भरा तेंदूपत्ता। यह पत्ता अपनी विशिष्ट गुणवत्ता और स्वाद के लिए जाना जाता है। बीड़ी उद्योग में तेंदूपत्ता की मांग बहुत अधिक होती है। तेंदूपत्ता वन क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के लिए आय का एक महत्वपूर्ण स्त्रोत है। संग्राहकों को योजनाओं का लाभ लेने 500 गड्डी तेंदूपत्ता संग्रहण करना अनिवार्य है। शासन द्वारा तेंदूपत्ता संग्राहक परिवारों का बीमा किया जाता है, जिससे प्रतिभाशाली स्कूली छात्र-छात्राओं को आर्थिक सहायता एवं परिवार के मुखिया की मृत्यु होने पर बीमा राशि भी दिया जाता है। प्राथमिक वनोपज संहकारी समिति के प्रबंधक रामसाय गावडे ने बताया कि इस वर्ष तेंदूपत्ता की खरीदी शासन की ओर से किया जाएगा। शासन के निर्देशानुसार सभी योजनाओं का लाभ लेने के लिए संग्रहक को कम से कम 500 गड्डी तेंदूपत्ता संग्रहण करना अनिवार्य है। कटाई और संग्रहण से स्थानीय समुदायों को रोजगार मिलता है। तेंदूपत्ता के संरक्षण से न केवल वन क्षेत्रों की जैव विविधता बनी रहती है, बल्कि स्थानीय समुदायों की आजीविका भी सुरक्षित रहती है।

### आय का महत्वपूर्ण स्रोत

ग्रामीण गोविंद राम कोमरा, सामसाय ढुग्गा, धर्मसिंह मंडावी, प्रदीप कुमार मंडावी, परदेसी राम मडावी, रेख लाल विश्वकर्मा व राज विश्वकर्मा ने बताया कि तेंदूपत्ता न केवल एक महत्वपूर्ण वन उत्पाद है, बल्कि यह स्थानीय समुदायों के लिए आय का महत्वपूर्ण स्रोत है। दुर्गुकोंदल वन परिक्षेत्र में 5 मई के आसपास तेंदूपत्ता पत्ता तोड़ाई का कार्य प्रारंभ हो जाएगा।

# प्रयास आवासीय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में विकासखंड से 518 विद्यार्थी हुए शामिल

**कक्षा नवमीं में दिया जाएगा एडमिशन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

दुर्गुकोंदल में प्रयास आवासीय विद्यालय कक्षा नवमी प्रवेश परीक्षा 20 अप्रैल रविवार को समय सुबह 10 से 1 बजे तक आयोजित किया गया। परीक्षा में दुर्गुकोंदल विकासखंड के 518 विद्यार्थियों ने परीक्षा दिया तथा 12 अनुपस्थित रहे। इस परीक्षा के लिए पीएमश्री सेजेस दुर्गुकोंदल एवं स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय संबलपुर परीक्षा केंद्र बनाया गया था।

दुर्गुकोंदल विकासखंड के प्रत्येक 65 पूर्व माध्यमिक शालाओं में विकासखंड शिक्षा अधिकारी एसपी कोसरे, सहायक खंड शिक्षा अधिकारी अंजनी मंडावी एवं खंड स्रोत समन्वयक लतीफ सोम के मार्गदर्शन में प्रयास परीक्षा एवं राष्ट्रीय साधन सह प्रवीण्य छात्रवृत्ति परीक्षा की तैयारी करवाई गई है। इसके लिए प्रतिदिन शाला एवं संकुल स्तर पर निःशुल्क कोचिंग प्रदान की गई है। परीक्षा पूर्व मॉक टेस्ट भी लिया गया था। शिक्षकों ने भी दूरस्थ अंचल के विद्यार्थियों को अवकाश के दौरान भी अतिरिक्त समय देकर कोचिंग प्रदान की है जोकि एक सराहनीय प्रयास है।अतः गत वर्ष की तुलना में अधिक संख्या में विद्यार्थियों के चयन होने की आशा है। परीक्षा केंद्रों में भी खासा उत्साह दिखा जहां दूरस्थ अंचलों से पालक, शिक्षक अपने बच्चों को परीक्षा केंद्र तक छोड़ने आए एवं परीक्षा पूर्व समझाते हुए दिखे तथा परीक्षा संपन्न होते तक डटे रहे। संकुल समन्वयक राजकुमार चंद्राकर ने बताया कि परीक्षा में गणित, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान, मानसिक योग्यता, हिंदी, अंग्रेजी, छत्तीसगढ़ सामान्य अध्ययन विषय पर कुल 100 प्रश्न पूछे, जिसमें प्रत्येक प्रश्न पर एक अंक निर्धारित है एवं नकारात्मक अंकों का प्रावधान नहीं है। प्रयास आवासीय विद्यालय छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा संचालित आवासीय विद्यालय हैं, जो विशेष रूप से आदिवासी और नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के प्रतिभावान छात्रों को उच्च शिक्षा के लिए तैयार करने पर केंद्रित हैं। इन विद्यालयों में कक्षा 9वीं से 12वीं तक पढ़ाई होती है और छात्रों को राष्ट्रीय स्तर की मेडिकल और इंजीनियरिंग परीक्षाओं के लिए भी तैयारी कराई जाती है। अतः यदि इन छात्रों का चयन इस शाला के लिए हो जाता है तो इनका भविष्य उज्ज्वल हो जाएगा।



तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका,
झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, केमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
23 मई, 06 जून, 25 जुलाइ,14 अगस्त, 11 सितम्बर, 03 अक्टूबर 2025 (8 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, काठमांडू दरबार), पशुपतिनाथ, जनकपुर (सीता मैया का जन्म स्थान), सीतामढ़ी, बनारस (काशी विश्वनाथ मंदिर)
राशि:-स्लीपर 9,500/-, 3 एसी 16,500/-, 2 एसी 22,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411

स्वामी जी 93406-38884
By Train- रिजर्वेशन व स्पेशल पैकेज से
चार धाम यात्रा
श्री हरिद्वार, हरकी पौड़ी, ऋषिकेश, श्री उत्तरकाशी, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री बद्रीनाथ, श्री केदारनाथ,
यात्रा दिनांक
10 मई 2025
05 जून 2025
29 अगस्त 2025
10 सितंबर 2025
03 अक्टूबर 2025
15 दिन की यात्रा
राशि: स्लीपर-22,501/-, 3AC-29,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)